# मेट्रो व्यवसायिक संचालन की दिल्ली से मिली अनुमति

- हनुमान जयंती पर लोकार्पण की संभावना
- अब चलेगी 17.5 किलोमीटर तक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहे तक मेट्रो रेल चलाने का रास्ता साफ हो गया है. मेट्रो रेल के व्यवसायिक संचालन की चीफ कमिश्नर मेट्रो रेल सुरक्षा ने अनुमति दे दी है. खास बात यह है कि मेट्रो के दूसरे चरण सुपर कॉरिडोर 02 से मालवीय नगर चौराहे तक 11.5 किलोमीटर लंबे संचालन का लोकार्पण हनुमान जयंती पर होने की संभावना बताई जा रही है. इसके साथ ही शहर में 17.5 किलोमीटर एलिवेटेड कॉरिडोर पर मेट्रो चलती नजर आएगी.**



मेट्रो रेल के दूसरे चरण के सुपर कॉरिडोर 02 से मालवीय नगर चौराहे तक 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन का काम पूरा हो गया है. उक्त दूसरे चरण में 11 मेट्रो स्टेशन का निर्माण भी किया गया है. मेट्रो प्राथमिक कॉरिडोर के दूसरे चरण का सत्यापन मेट्रो रेल कमिश्नर सुरक्षा ने 15 से 18 मार्च एक बीच किया था. कल शाम सीएमआरएस कार्यालय दिल्ली से इंदौर मेट्रो कार्यालय पर अनुमति पत्र मेल के जरिए मिल गया है. अब मेट्रो रेल गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 02 से लेकर मालवीय नगर चौराहे तक मेट्रो के व्यवसायिक संचालन का लोकार्पण समारोह विजय नगर और मालवीय नगर चौराहे पर होने की चर्चा है.

हनुमान जयंती पद लोकार्पण की संभावना -मेट्रो दूसरे चरण का लोकार्पण 2 अप्रैल हनुमान जयंती के पावन पर्व पर संभावित है. मेट्रो को हरी झंडी दिखाने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर के आने की संभावना है. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, शहरी विकास मंत्री खट्टर और प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय विजयनगर से मालवीय नगर एवं वापस विजय तक मेट्रो में सफर कर सकते हैं. ऐसी चर्चा है कि मुख्य कार्यक्रम विजय नगर चौराहे पर रखने का मकसद घनी आबादी क्षेत्र है. वहीं मालवीय नगर चौराहे पर भी घनी आबादी क्षेत्र है. इसके साथ ही विधायक रमेश मेंदोला और महेंद्र हार्डिया का इलाका आपस में जुड़ जाएगा.

### मेट्रो से तीन विधानसभा क्षेत्र जुड़े

इंदौर मेट्रो गांधीनगर से मालवीय नगर चौराहे वर्तमान में शहर की तीन विधानसभा क्षेत्र को कवर करेगी. पूर्व में प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का ही क्षेत्र गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 05 तक कवर हो रहा था. अब विधानसभा क्षेत्र 02 से विधायक रमेश मेंदोला और विधानसभा क्षेत्र 05 से विधायक महेंद्र हार्डिया का इलाका भी मेट्रो के जद में शामिल हो गया है.

**मेट्रो को कमर्शियल रन यात्री मिलने की उम्मीद** -मेट्रो रेल का दूसरा चरण सुपर कॉरिडोर 02 से भले माना जाए, लेकिन मेट्रो को लवकुश चौराहे से मालवीय नगर, रेडिसन चौराहे तक भारी संख्या में यात्री मिलने के उम्मीद के जा सकती है. इसका कारण यह है कि लव कुश चौराहे से मालवीय नगर तक एमआर 10 सड़क और पूर्वी रिंग रोड सिर्फ घनी आबादी क्षेत्र ही नहीं है, बल्कि उक्त क्षेत्र में कॉरपोरेट ऑफिस और व्यवसायिक कार्यालयों की भरमार है. इस वजह से मेट्रो को 10 किलोमीटर के परिधि में बड़ी संख्या में यात्री मिलने संभावना है.

# आईडीए से वसूली करने पहुंचे सरकारी विभाग

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में एक मात्र सरकारी संस्थान इंदौर विकास प्राधिकरण ही है, जिसको धन कुबेर कहा जा सकता है. दूसरे सरकारी विभाग अपने वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मार्च के अंत में आईडीए कार्यालय पर धरना देते हैं. इतना ही नहीं करोड़ों रुपए लेकर शहर में वाहवाही भी लूटते हैं.**

ताजा मामला यूं है कि पिछले दिनों प्रशासन के विभिन्न तहसीलों के तहसीलदार वसूली लक्ष्य को लेकर आईडीए पहुंचे. बताया जाता है कि तहसीलदारों ने आईडीए पर 22 करोड़ डायवर्शन टैक्स बकाया होने की सूची सौंपी. उक्त सूची में जांचने पर जिला प्रशासन का आईडीए पर 15 करोड़ रुपए बकाया होना निकला. उक्त 15 करोड़ बकाया राशि में से आईडीए ने 7.5 करोड़ रुपए भुगतान किए है. इसी तरह कमजोर आर्थिक हालातों के चलते नगर निगम ने भी आईडीए पर वसूली की दस्तक दी है.

### 42.5 करोड़ अभी भी बकाया

आईडीए ने फिलहाल नगर निगम को संपत्ति कर के 75 करोड़ रुपए बकाया होने के एवज में 40 करोड़ रुपए का भुगतान किया है. अभी भी आईडीए को दोनों कलेक्टर डायवर्शन टैक्स 7.5 करोड़ एवं और निगम संपत्ति कर के 35 करोड़ रुपए भुगतान करना बाकी है. इस तरह कुल 42.5 करोड़ रुपए अभी भी आईडीए पर प्रशासन और नगर निगम का बकाया है. आईडीए के मुख्य लेखा अधिकारी भूपेंद्र परमार ने दोनों सरकारी विभाग को भुगतान करने की पुष्टि की है.

# मानव अधिकार सुरक्षा प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश

- मानव अधिकार आयोग ने की समीक्षा बैठक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में भागीरथपुरा दूषित पानी की घटना को लेकर आज प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक की. बैठक में अध्यक्ष ने भागीरथपुरा में किए गए कार्य और कार्रवाई प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए. साथ ही अधिकारियों को आदेश दिए कि मानव अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें.**



मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने आज रेसीडेंसी कोठी पर अधिकारियों के साथ मानव हितों को लेकर समीक्षा बैठक की डॉ सिंह ने लंबित प्रकरणों का जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए. आयोग अध्यक्ष डॉ सिंह ने कलेक्टर शिवम वर्मा से भागीरथपुरा की घटना की विस्तृत जानकारी मांगी. कलेक्टर वर्मा ने बताया कि वर्तमान में नगर निगम द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र पाइपलाइन बदलने कार्य चल रहा है और एक महीने में पाइप लाइन का कार्य पूरा होने की संभावना है. आयोग अध्यक्ष डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ करने का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि भविष्य में लीकेज या अन्य समस्या नहीं हो. साथ ही उक्त घटना का कार्रवाई प्रतिवेदन आयोग को भेजा जाए.

### लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें

शहर में आयोग मित्रों के अनुरोध पर अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मानव अधिकार आयोग के शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय का नवीनीकरण निर्देश भी दिए. कलेक्टर वर्मा ने पीडब्ल्यूडी द्वारा कार्यलय की मरम्मत के लिए आश्वस्त किया. डॉ. सिंह ने लंबित शिकायतों का शीघ्र और समयबद्ध निराकरण करने के भी आदेश दिए. बैठक में डिप्टी कलेक्टर प्रियंका चौरसिया, आयोग मित्र डॉ. दीपक शर्मा, रवि अतरोलिया, पराग अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

डॉ. सिंह ने जिला प्रशासन को मानव अधिकारों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने को कहा है.

# इंदौर रेलवे स्टेशन के मेगा अपग्रेडेशन का शुभारंभ

- पार्सल बिल्डिंग व 7 मीटर गहरे बेसमेंट निर्माण की शुरुआत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के प्रमुख इंदौर रेलवे स्टेशन पर चल रहे 412 करोड़ रुपये के मेगा अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट के तहत पार्सल बिल्डिंग एवं 7 मीटर गहरे बेसमेंट निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई. रेलवे अधिकारियों द्वारा निर्माण स्थल पर तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें.**



कार्यक्रम के दौरान पश्चिम रेलवे के अधिकारी धीरज कुमार एवं अंकुर सिंह सहित अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और एजेंसी को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परियोजना का प्रत्येक चरण तय मानकों के अनुसार ही क्रियान्वित किया जाएगा. इस अपग्रेडेशन के अंतर्गत स्टेशन पर आधुनिक यात्री सुविधाएं, बेहतर आवागमन व्यवस्था और सुव्यवस्थित अवसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके. परियोजना को लेकर रेलवे प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं और कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है. यह पहल शहर की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप आधुनिक रेलवे अवसंरचना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.

### आधुनिक पहचान का प्रतीक बनेगा

यह प्रोजेक्ट इंदौर स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक, सुव्यवस्थित और यात्री-अनुकूल स्वरूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है. प्रस्तावित सुविधाओं से यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिलेगा और स्टेशन शहर की आधुनिक पहचान का प्रतीक बनेगा. बेसमेंट निर्माण के लिए प्लेटफॉर्म सतह से लगभग 7 मीटर गहराई तक खुदाई की गई है. सांसद लालवानी स्वयं निर्माण स्थल पर 7 मीटर नीचे उतरे, पूजा-अर्चना के साथ कार्यारंभ किया तथा प्रगति का निरीक्षण किया.

**यात्रियों को श्रेष्ठ सुविधाएं मिल सकेंगी** -अपने संबोधन में सांसद श्री लालवानी ने कहा, इंदौर स्टेशन का यह अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट शहर के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा. हमारा लक्ष्य है कि यह कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो, ताकि यात्रियों को श्रेष्ठ सुविधाएं मिल सकें.

# दादी जानकी ने आत्मबल से लाखों लोगों का हृदय परिवर्तन किया

- दादी जानकी की छठवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई

इंदौर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका, राजयोगिनी दादी जानकी का छठवां पुण्य स्मृति दिवस ज्ञानशिखर में वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया.

इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने दादीजी के संग बिताये अनुभव साझा करते हुए बताया कि दादी जानकी ऐसी महान हस्ती थी जिन्होंने भाषा नहीं जानते हुए भी अपने दृढ़ निश्चय और योगबल से सारे विश्व में ईश्वरीय ज्ञान का परचम फहराया. दादीजी ने सिद्ध कर दिखाया कि कोई भी इंसान आध्यात्म के बल से जितना ऊंचा उठना चाहे उठ सकता है. उन्होंने अपने आत्मबल से अलग-अलग संस्कृति के, पाश्चात्य सभ्यता में डूबे लाखों लोगों के हृदय का परिवर्तन किया. डॉ. गिरीश टावरी ने अपना अनुभव सुनाते हुए कहा कि दादीजी 2019 में इंदौर प्रवास के दौरान जिस बिस्तर में सोई उसे वे अपने हॉस्पिटल में ले गए थे और उन्होंने अनुभव किया कि जो भी पेशेंट उस बिस्तर पर सोता है उसकी बीमारी दूसरे पेशेंट की तुलना में बहुत जल्दी ठीक हो जाती है.





कस्टम विभाग के कमिश्नर दिनेश बिसेन ने कहा कि दादीजी के मस्तिष्क से सदैव डेल्टा तरंगें निकलती थी तथा वह हमेशा ही आत्मिक स्वरूप में रहती थी. उनका अपनी कर्मेंद्रियों पर पूर्ण नियंत्रण था. अंत में कस्टम विभाग के कमिश्नर दिनेश बिसेन, उद्योगपति अमीन वैद्य, वन संरक्षक किरण बिसेन, डॉ. गिरीश टावरी, डॉ. संगीता टावरी, वाणिज्य कर विभाग के पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर एम.पी. चौरसिया, इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी एवं ब्रह्माकुमारी उषा दीदी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भाई एवं बहनों ने दादीजी को अपनी श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की.

# इंदौर एयरपोर्ट को नई उड़ान, 29 को नए टर्मिनल का उद्घाटन




**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर विमानतल को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है. एयरपोर्ट के नवीनीकृत टी-1 टर्मिनल का लोकार्पण अब 29 मार्च (रविवार) को किया जाएगा.**

इस नए टर्मिनल के शुरू होने के बाद एयरपोर्ट की क्षमता में भी वृद्धि होगी यात्रियों के प्रति वर्ष वृद्धि के कारण ही टी-1 को नए रूप में तैयार कर छोटे विमानों का आवागमन शुरू करेंगे. इससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और सुगम यात्रा अनुभव मिलेगा. इस टर्मिनल का उद्घाटन पहले निर्धारित तिथि पर होना था, लेकिन कुछ कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था. अब इसका उद्घाटन 29 मार्च रविवार को किया जाएगा. इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

**यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं**-नए टर्मिनल में यात्रियों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें उड़ान कैफे, फ्री वाई-फाई, फ्लाइब्रेरी पुस्तकालय सुविधा, 'अवसर' स्टॉल रहेंगे. इस नवीनीकरण से इंदौर एयरपोर्ट देश के आधुनिक और यात्री-अनुकूल एयरपोर्ट्स की श्रेणी में और मजबूत स्थान पर होगा.

एक नजर में | जमीन के अत्यधिक बंटवारे से कृषि जोतें सूक्ष्म और अति सूक्ष्म आकार में सिकुड़ी

# महिलाओं के नाम जमीन नहीं होने से कृषि सहकारिताओं में पिछड़ी

**इंदौर. कृषि सहकारिताओं में महिलाओं के पिछड़ेपन का कारण उनके नाम जमीन नहीं होना है. इसी कारण वे कृषि सहकारिताओं में पंचायत राज की तरह सहभागिता नहीं कर पाती हैं.**

ये विचार जाने-माने समाज विज्ञानी तथा ब्राउस के शोध निदेशक डॉ डीके वर्मा ने व्यक्त किए. वे डीएवीवी की अर्थशास्त्र अध्ययनशाला तथा इंदौर डेवलपमेंट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे. मध्यप्रदेश की विकास गतिशीलता: मुद्दे और चुनौतियां विषय वस्तु तथा मप्र में सामाजिक समावेशन और लैंगिक समानता पर केंद्रित संबोधन में डॉ वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कृषि जोतों के अत्यधिक बंटवारे से हालात बिगड़े हैं. कृषि जोतें सूक्ष्म और अति सूक्ष्म आकार में बंट रही है. इससे कृषि उत्पादन प्रभावित हैं. इन जोतों की चकबंदी बड़ी समस्या है. ऐसे कल्टी लेबर (जुताई श्रमिक) की स्थिति मजदूरों से भी खराब है. न तो उन्हें जोत स्वामी के लाभ मिलते हैं और न ही श्रमिकों की. आपने बताया कि हाल ही में आईएलओ तथा ब्राउस (भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय) परियोजना के तहत डही में देश के प्रथम जनजातीय महिला सहकारी समूह गठन के समय इससे जुड़ी चुनौतियां सामने आई.



**सिविल सोसाइटी की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई** -मंदसौर विश्वविद्यालय कुलाधिपति तथा पूर्व उद्योग मंत्री नरेंद्र नाहटा ने शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की चर्चा की. डॉ नाहटा ने कुछ उदाहरणों को संदर्भित करते कहा कि जब तक नेता 'ना' तथा अफसर 'हां' कहना नहीं सीखेंगे तब तक तेज गति से विकास संभव नहीं. ऐसे समय में सिविल सोसाइटी की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई हैं. बड़ी ब्याज राशि और कर्ज चुकाने से विकास प्रभावित है.

### तीव्र औद्योगिक विकास पर ध्यान देने की जरूरत

प्रो गणेश कावड़िया ने 'मप्र के कृषि क्षेत्र में बदलाव और आर्थिक विकास' पर केंद्रित उद्बोधन में कहा कि कृषि उत्पादन की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ किन्तु मूल्य अर्जित (वैल्यू एडेड) उत्पाद और तीव्र औद्योगिक विकास पर ध्यान देने की जरूरत है. मप्र की कृषि उपज अन्य प्रदेशों में प्रोसेस हो उस प्रदेश के ब्रांड नेम से बिकती हैं. इस स्थिति को बदलने की जरूरत है. मप्र सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान, उज्जैन के निदेशक डॉ यतीन्द्र सिंह सिसोदिया ने 'तृणमूल सुशासन और ग्रामीण क्षेत्र में बदलाव' पर केंद्रित उद्बोधन में एकीकृत पंचायत राज व्यवस्था, पंचायतों में महिला प्रतिनिधित्व, पेसा कानून-1997 तथा 25 साल बाद यानी 2022 में काफी विलंब से इसकी नियम प्रक्रिया के निर्धारण की चर्चा की. इंदौर डेवलपमेंट फाउंडेशन निदेशक मनोहर देव और प्रो रेखा आचार्य ने समापन उद्बोधन दिया.

## एक नजर में

### सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा के आवेदन करने जा रही बंद

इंदौर. सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए एसईटी 2026 (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट) और एसआईटीईईई 2026 (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम) के रजिस्ट्रेशन जल्द बंद करने जा रही है. इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने वाले छात्र ध्यान दें कि इस अंतिम दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा. दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके ज़रिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज़्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है. प्रवेश परीक्षा 2 मई और 10 मई को होगी। परिणामों की घोषणा 20 मई को की जाएगी. टेस्ट 01 के एडमिट कार्ड 24 अप्रैल और टेस्ट 02 के एडमिट कार्ड 30 अप्रैल को उपलब्ध होंगे.

### केनस्टार लाया 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर

इंदौर. केनस्टार ने बिजली की बचत और कूलिंग के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है. कंपनी ने भारत के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर लॉन्च किए हैं, जिन पर 5 साल की पक्की वारंटी दी जा रही है. इस नई शुरुआत के साथ केनस्टार ऐसा पहला ब्रांड बन गया है जो सर्टिफाइड बिजली बचत को लंबी वारंटी के भरोसे के साथ जोड़ रहा है. इससे ग्राहकों को कम बिजली बिल, दमदार परफॉरमेंस और लंबे समय तक चलने वाली कूलिंग का फायदा मिलेगा. लॉन्च के साथ ही केनस्टार ने एक खास कैंपेन भी शुरू किया है, जिसमें बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और पत्रलेखा नज़र आ रहे हैं. इस कैंपेन के जरिए भारत का पहला 5-स्टार और 5 साल की वारंटी का मैसेज बहुत ही आसान और दिलचस्प तरीके से लोगों तक पहुँचाया जा रहा है. केनस्टार के सीओओ संतोष भामरे ने कहा इस कैंपेन के जरिए हम लोगों को बिजली बचाने वाले कूलिंग विकल्पों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। हमारी नई रेंज ई-कॉमर्स साइट्स, दुकानों और ऑनलाइन चैनल्स पर आसानी से उपलब्ध है, ताकि देश के हर हिस्से में लोग इसे खरीद सकें.

### सैमसंग ने गैलेक्सी ए57 और ए37 5जी पेश किए

इंदौर. सैमसंग ने गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी लॉन्च किए. ये दोनों स्मार्टफोन गैलेक्सी ए सीरीज़ के नए मॉडल हैं, जिन्हें खासतौर पर उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो फोटोग्राफी, परफॉर्मेंस, एआई-इनेबल्ड रोज़मर्रा के फीचर्स और ड्यूरेबिलिटी को प्राथमिकता देते हैं. गैलेक्सीए57 5जी में एल्यूमिनियम फ्रेम दिया गया है, और 6.9 एमएम की मोटाई के साथ यह अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी ए सीरीज़ डिवाइस है. गैलेक्सी ए57 5जी के पतले बेज़ल्स डिवाइस के विजुअल बैलेंस को बेहतर बनाते हैं गैलेक्सी ए57 5जी में 120 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट के साथ विज़न बूस्टर टेक्नोलॉजी दी गई है. इन डिवाइस में आईपी68 रेटिंग भी दी गई है, जिससे ये पानी और धूल से सुरक्षित रहते है. इनमें छह एंड्रॉयड ओएस अपग्रेड्स और छह साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स मिलेंगे. इनमें 50 एमपी का मेन कैमरा दिया गया है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन और 1.0 माइक्रोन का बड़ा पिक्सल सेंसर है. इसके साथ बेहतर इमेज सिग्नल प्रोसेसिंग (आईएसपी) और लो नॉइज़ मोड मिलता है.

### अर्जुन रामपाल बिलियनेयर में मुख्य भूमिका में

इंदौर. मुफ्त, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने एमेज़ॉन विज्ञापन के 'कनेक्टेड वर्ल्ड्स' इवेंट में शानदार माहौल बनाया, जहां उसने अपनी आगामी ओरिजिनल सीरीज़ बिलियनेयर का ऐलान किया. इस सीरीज़ में मुख्य भूमिका में अर्जुन रामपाल नजर आएंगे. बदलते हुए भारत के परिदृश्य में, बिलियनेयर एक शक्तिशाली उद्योगपति के उदय की कहानी है, जो प्रभाव और महत्वाकांक्षा का साम्राज्य खड़ा करने के लिए नियमों को अपने हिसाब से बदल देता है. सीरीज़ के बारे में बात करते हुए, एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफ कंटेंट, अमोघ दुसाद ने कहा बिलियनेयर महत्वाकांक्षा, शक्ति और सफलता की कीमत की कहानी है. एमेज़ॉन ऐड्स इवेंट में इस सीरीज़ का अनावरण करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो हमारे ओरिजिनल्स के अगले चरण की दिशा तय करता है. हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल जैसे फिल्मकारों के साथ सहयोग इस प्रोजेक्ट को गहरी रचनात्मकता और दूरदर्शिता देता है, वहीं अर्जुन रामपाल इस दमदार किरदार में गंभीरता और तीव्रता जोड़ते हैं.

### हंसदास मठ पर दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव



इंदौर. एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव का शुभारंभ बुधवार 1 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे अखंड रामायण पाठ के साथ होगा। शाम 7 बजे पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी के विग्रह का अभिषेक होगा। भक्तों को अभिमंत्रित कवच का वितरण भी किया जाएगा. मठ के पुजारी अमितदास महाराज ने बताया कि गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के मुख्य महोत्सव पर सुबह 6.30 बजे जन्मोत्सव आरती के पश्चात शाम 4 बजे अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति और हवन होगा.

### टास्कअस ने महिला उद्यमिता को बढ़ावा दिया

इंदौर. महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करते हुए, टास्कअस इंक. ने ऐम फॉर द अवेयरनेस ऑफ सोसायटी (एएएस) के साथ साझेदारी करके इंदौर में एक तीन-दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यशाला का आयोजन किया. इस कार्यशाला का उद्देश्य सुविधाओं से वंचित समुदायों की महिलाओं को स्थायी आजीविका बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ तैयार करना था. शी इनक्यूबेट्स पहल के तहत आयोजित सोच से उद्यम तक-बिल्डिंग आंत्रप्रेन्योरल थिंकिंग नामक इस कार्यशाला में आर्थिक रूप से कमज़ोर पृष्ठभूमि से आने वाली 25 महिलाओं ने भाग लिया. सपना भंबानी, एसवीपी ऑपरेशंस और कंट्री लीडर, टास्कअस इंडिया ने कहा कि टास्कअस में, हमारा मानना है कि महिलाओं को नॉलेज, स्किल्स और बेहतर अवसरों तक पहुंच प्रदान करके सशक्त बनाना, मज़बूत समुदायों और समावेशी विकास के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है. इस तरह के कार्यक्रम उनकी सहायता के लिए डिज़ाइन किए गए हैं.

### इंदौर की ईपीसी कंपनी लैक्स्यो लाएगी 150 करोड़ का आईपीओ

इंदौर. इंदौर स्थित रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) सेवाएं देने वाली कंपनी लैक्स्यो लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस आईपीओ के तहत कंपनी 150 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी. कंपनी इस इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग मुख्य रूप से 70 करोड़ रुपये के कर्ज के प्रीपेमेंट या पुनर्भुगतान, लगभग 9.75 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च (उपकरण खरीद) और करीब 23 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में करेगी. शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा. इसके अलावा, कंपनी बुक रनिंग लीड मैनेजर के परामर्श से 30 करोड़ रुपये तक का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट भी कर सकती है. कंपनी के प्रमोटर्स में देव प्रकाश शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, योगेश शर्मा और राजेश्वरी शर्मा शामिल हैं।

### वीवो ने वाय51 प्रो 5जी लांच किया

इंदौर. वीवो ने हाल ही में अपनी लोकप्रिय वाय-सीरीज़ का विस्तार करते हुए वीवो वाय51 प्रो लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन उन यूज़र्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो भरोसेमंद परफॉर्मेंस, मजबूत बैटरी लाइफ और स्मार्ट फीचर्स को एक स्टाइलिश पैकेज में चाहते हैं. रोज़मर्रा के उपयोग और लंबे समय तक चलने वाली पावर पर फोकस करते हुए, यह डिवाइस सक्षम हार्डवेयर और स्मार्ट सॉफ्टवेयर का बेहतरीन संतुलन पेश करता है। इस डिवाइस के केंद्र में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिपसेट दिया गया है, जो रोज़मर्रा के काम, एंटरटेनमेंट और गेमिंग के लिए भरोसेमंद परफॉर्मेंस देता है। इसकी एफिशिएंट आर्किटेक्चर मल्टीटास्किंग और लंबे गेमिंग सेशन्स को आसानी से संभालती है, साथ ही थर्मल एफिशिएंसी भी बनाए रखती है। स्मार्टफोन की मुख्य खासियतों में से एक इसकी बड़ी 7200 एमएएच बैटरी है, जो 44 वाट फ्लैश चार्ज के साथ आती है, जिससे यह डिवाइस उन यूज़र्स के लिए मजबूत विकल्प बन जाता है जो पूरे दिन तक चलने वाली पॉवर को प्राथमिकता देते हैं। फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए इसमें 50एमपी एचडी वाइड-एंगल मेन कैमरा दिया गया है, जो अलग-अलग लाइटिंग कंडीशन्स में शानदार और शार्प तस्वीरें कैप्चर करता है. एआई आधारित फीचर्स फोटो को बेहतर क्लैरिटी और कलर बैलेंस देते हैं, जबकि ईआईएस फोटो और वीडियो को स्टेबल बनाए रखता है।